# DU: सभी आयोजन में तैनात करें गार्ड्स

## यूनिवर्सिटी ने सभी कार्यक्रमों और सभाओं के लिए नई एडवाइज़री जारी की

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली यूनिवर्सिटी ने अपने कॉलेज, हॉस्टल और विभाग में होने वाले सभी कार्यक्रमों और सभाओं के लिए नई एडवाइजरी जारी की है। वार्षिक उत्सव, सांस्कृतिक आयोजन या हॉस्टल नाइट, हर आयोजन में सुरक्षा और अनुशासन को लेकर ये नियम लागू हों, इसके लिए सभी को निर्देश दिए गए हैं।

प्रॉक्टर ऑफिस की ओर से कॉलेजों को कहा गया है कि दिल्ली पुलिस, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है, ना कि निजी आयोजनों को सुरक्षा देने के लिए इसलिए पूरी जिम्मेदारी कॉलेज/संस्थान पर होगी, जिन्हें पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित और पर्याप्त संख्या में सुरक्षा गार्ड और बाउंसर तैनात करने चाहिए। पार्किंग व्यवस्था और यातायात प्रबंधन में मदद के लिए पर्याप्त ट्रैफिक मार्शलों की तैनाती भी अनिवार्य हो। पर्याप्त संख्या

File



में वॉलंटियर्स की तैनाती भी की जाए। यह दिशा-निर्देश दिल्ली हाई कोर्ट और दिल्ली पुलिस की गाइडलाइंस के तहत जारी किए गए हैं। सभी कॉलेजों को कहा है कि यह ध्यान दिया जाए कि जहां भी आयोजन हों, वहां वीआईपी के अलग गेट और बाकी के लिए अलग। दरवाजों, गेट और मैदान या समारोह स्थल पर पर्याप्त सीसीटीवी लगाए जाएं और आयोजनों के संचालन की पूरी जिम्मेदारी संबंधित कॉलेज/संस्थान की होगी।

### SHO को 72 घंटे पहले देनी होगी जानकारी

**प्रॉक्टर ऑफिस ने कहा है कि यूनिवर्सिटी नॉर्थ और साउथ दोनों परिसरों में पुलिस से समन्वय के लिए लायजन ऑफिसर नियुक्त किए जा सकते हैं। इसी तरह, हर कॉलेज या हॉस्टल को एक जिम्मेदार अधिकारी तय करना होगा, जो आयोजन के दौरान पूरे समय मौजूद रहे और स्थानीय पुलिस को समय, कार्यक्रम के बारे में, अतिथियों की जानकारी और भीड़ का अनुमान साझा करें। यूनिवर्सिटी ने यह भी कहा है कि बड़े कार्यक्रमों से पहले सोशल मीडिया पर समय, प्रवेश व्यवस्था, ट्रैफिक और पार्किंग जैसी जानकारी साझा की जाए। इसके अलावा, एसएचओ को आयोजन की जानकारी 72 घंटे पहले देना जरूरी है।**


BRIC a DBT Organization CDFD innovating to benefit society

**डी एन ए फिंगरप्रिंटिंग एवं निदान केन्द्र (ब्रिक-सीडीएफडी)**

**CENTRE FOR DNA FINGERPRINTING AND DIAGNOSTICS (BRIC-CDFD)**

(जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान और नवाचार परिषद, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन अनुसंधान संस्थान)

(A Research Institute under Biotechnology Research and Innovation Council, Department of Biotechnology, Ministry of Science & Technology, Government of India)

इनर रिंग रोड, उप्पल, हैदराबाद, तेलंगाना, भारत / Inner Ring Road, Uppal, Hyderabad – 500039, Telangana, India

**(www.cdfd.org.in)**

**पीएच. डी.-I-2026 प्रवेश**